53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 11.0°c अधिकतम 27.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:34, सूर्यास्त - 6:24 | वर्ष : 53/ अंक : 68 | सोमवार, 10 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, एकादशी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

कोशिश करना छोड़ो मत क्योंकि दूसरा व्यक्ति तैयार है आपके छोड़े हुए अवसर का लाभ उठाने के लिए।

कुंभ पर सवाल खड़ा करना हिंदू और सनातन धर्म पर सीधा हमला है : स्वामी कैलाशानंद गिरी

कुंभ मेले पे सवाल कर देना..... निचले दर्जे कि ये सियासत है.....

भारत ने 12 साल बाद जीता चैंपियंस ट्रॉफी का तीसरा खिताब

दुबई 09 मार्च (वार्ता) गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा (76), श्रेयस अय्यर (48) और के एल राहुल (नाबाद 34) की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने रविवार को फाइनल मुकाबले में छह गेंदे शेष रहते न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब अपने नाम किया। भारत ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी का तीसरी बार खिताब जीता हैं। इससे पहले वर्ष 2002 और 2013 में भारत ने यह ट्रॉफी जीती थी। मैच में 76 रनों की शानदार पारी खेलने वाले रोहित शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। टूनार्मेंट में 263 रन बनाने और तीन विकेट लेने वाले रचिन रविंद्र को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की। 19वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने धीमी गति से बल्लेबाजी कर रहे शुभमन गिल (31) को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने विराट कोहली (एक) को पगबाधा कर भारत को दूसरा झटका दिया। 27वें ओवर में रचिन रविंद्र ने रोहित शर्मा को आउट कर भारत का बड़ा झटका दिया। रोहित शर्मा ने 83 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए (76) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। 39वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने श्रेयस अय्यर को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथी सफलता दिलाई। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रन बनाये। इसके बाद अक्षर पटेल (29) रन बनाकर आउट हुये। आखिरी ओवरों में सूझबूझ के साथ बल्लेबाजी करते हुए के एल राहुल और हार्दिक पंड्या ने न्यूजीलैंड के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अरमानों पर पानी फेर दिया। हालांकि इस दौरान 48वें ओवर में हार्दिक पंड्या (18) रन बनाकर आउट हो गये। भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया । 49वें ओवर की आखिरी गेंद पर केएल राहुल ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 12 साल के बाद अपना तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। के एल राहुल (34) और रवींद्र जडेजा (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर और माइकल ब्रेसवेल ने दो-दो विकेट लिये। रचिन रविंद्र और काइल जेमीसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड के अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। आठवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने विल यंग (15) को पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 11वें ओवर में कुलदीप यादव ने रचिन रविंद्र (37) को आउट कर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने केन विलियमसन के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में कुलदीप यादव ने केन विलियमसन (16) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। 24वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने टॉम लेथम (14) को पगबाधा आउट कर भारत के लिये चौथा विकेट झटका। ग्लेन फिलिप्स ने डैरिल मिचेल का बखूबी साथ निभाया। दोनों के बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। वरूण चक्रवर्ती ने 38वें ओवर में ग्लेन फिलिप्स (34) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 46ओवर में मोहम्मद शमी ने डैरिल मिचेल को आउटकर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। डैरिल मिचेल ने 101 गेंदों में तीन चौके लगाते हुये (63) रनों की जूझारू पारी खेली। सातवें विकेट के रूप में 49वें में कप्तान मिचेल सैंटनर(आठ) रनआउट हुये। माइकल ब्रेसवेल ने 40 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 53) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 251 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर वरूण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिये। रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

रोहित शर्मा

R76	4=7
B83	6=3

होली पर दिवाली सा जश्न : शिवचौक पर तिरंगों के साथ उमड़ा जनसैलाब

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। 12 साल बाद चैंपियन ट्रॉफी टूर्नामेंट खिताब जीत के बाद एक ओर जहां पूरे देश में खुशी का माहौल था, वहीं मुजफ्फरनगर में होली पर दिवाली जैसा जश्न मना। पटाखों की सतरंगी छटा से आसमां रंग-बिरंगे तारों सा टिमटिमाता दिखाई दिया। शिव चौक पर एकाएक ऐसी भीड़ उमड़ी जो आज से पहले किसी ने ना देखी। इस भीड़ ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में जीत मिलने के बाद हुई भीड़ के तो रिकॉर्ड तोड़े ही, साथ ही आज तक के शिव चौक पर जुटी भीड़ के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। लोग एक दूसरे को कंधे पर बैठाकर नाचते और झूमते एक दूसरे को गुलाल लगाते दिखाई दिये, शिव चौक पर ही जहां एक ओर गुलाल की आतिशबाजी हुई, वहीं दूसरी ओर अपने-अपने घरों के बाहर निकलकर लोगों ने दीपावली जैसी आतिशबाजी कर डाली। एकाएक न जाने इतनी बड़ी संख्या में पटाखा कहां से आया, यह भी किसी को अंदाजा नहीं लगा। शिव चौक के साथ साथ हर गली के बाहर आकर बच्चों, बड़ों और महिलाओं ने इस जीत का शानदार जश्न मनाया, जिनको क्रिकेट की एबीसीडी भी नहीं पता, वह भी जश्न में ऐसे डूबा हुआ था, जैसे बॉर्डर पर किसी युद्ध की भारत ने जीत हासिल कर ली हो। रात्रि 12 बजे तक लोग जश्न में डूबे दिखाई दिये। शिव चौक पर युवकों ने ढोल वालों को बुलाकर घंटों तक वहीं जमकर नृत्य किया। क्रिकेट प्रेमियों से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि यह क्रिकेट नहीं हमारी भावनाओं की जीत है। भारत के खिलाड़ियों को शिव चौक पर मौजूद क्रिकेट प्रेमियों ने नारे लगाकर बधाई दी। किसी ने विराट कोहली जिंदाबाद तो किसी ने भारत मां के जयकारे लगाये।

धनखड़ एम्स में भर्ती, मोदी ने ली स्वास्थ्य की जानकारी

नयी दिल्ली 09 मार्च (वार्ता) उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत रविवार को अचानक बिगड़ गयी जिसके बाद उन्हें यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स) में भर्ती कराया गया। तिहत्तर वर्षीय श्री धनखड़ को आज तड़के बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद तत्काल एम्स ले जाया गया और कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। उन्हें एक स्टेंट सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया है और डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। उनकी हालत अभी स्थिर बतायी गयी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स जाकर श्री धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री मोदी ने कहा,''एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।



नगर में गगनभेदी जयघोष के बीच निकली भव्य निशान यात्रा

▶ धूमधाम के साथ शुरू हुआ श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव ▶ सड़कों पर उतरा भक्तों का सैलाब, भक्तिमय हुआ शहर

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। छींटा लागे नीर का, रोग कटे शरीर का एवं हारे का सहारा बाबा श्री खाटू श्याम हमारा के जयघोष के बीच रविवार को नगर और नई मंडी की सड़कों पर बाबा के भक्तों का घंटों तक पूरी तरह से कब्जा रहा। इस दौरान श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति की ओर से आयोजित की गई बाबा श्याम खाटू वाले की निशान यात्रा में आम-ओ-खास दिखाई दिया। शिवचौक पर सवेरे एकत्र हजारों भक्तों की भीड़ के बीच नगर विधायक मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ समेत अन्य अतिथियों के साथ यहां पहुंचकर श्री श्याम बाबा का पूजन-अर्चन करने के बाद जय श्री श्याम के जयघोष के साथ नगर में बाबा की निशान यात्रा प्रारम्भ हुई। मंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ ही हजारों भक्तों ने इसमें शामिल होते हुए भरतिया कॉलोनी के मंदिर पर पहुंचकर अपने निशान बाबा श्याम को अर्पित करने के साथ सुख समृद्धि की कामना की। श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति द्वारा आयोजित श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का श्री श्याम वंदना फाल्गुन महोत्सव व भव्य निशान यात्रा में रविवार को श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। नगर के हृदयस्थल शिव चौक से प्रारंभ हुई निशान यात्रा में यहां अतिथि के रूप में पहुंचे योगी सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ समेत अतिथियों के साथ श्री बाबा श्याम की पूजा अर्चना की। इसके उपरांत बाबा श्याम की बड़ी और सुन्दर झांकी के साथ निशान यात्रा शुरू हुई। यह निशान यात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर झांसी की रानी, टाउनहाल रोड, मालवीय चौक होते हुए भोपा पुल से होते हुए गौशाला रोड, पीठ बाजार, बिंदल बाजार के रास्ते भरतिया कालोनी नई मंडी स्थित श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर पहुंची। यहां पर भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए कतार बद्ध होकर श्री बाबा श्याम को निशान अर्पित किए। निशान यात्रा में पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, विशाल गर्ग, सुनील तायल, श्री श्याम परिवार सुखी परिवार समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, संदीप गर्ग, अचिन सागर गर्ग, जय भगवान बंसल, अचिन सागर गर्ग, अचिन जिंदल, विकास गोयल, राजीव गर्ग, संजीव गर्ग, रिंकू गर्ग, अनुज गर्ग, राजीव बंसल, राजकुमार सिंघल, राजेन्द्र गुप्ता, अरविंद बंसल, अरुण गर्ग, संदीप गोयल, शुभम बंसल, विदित गुप्ता, मयंक अग्रवाल, अचिन बंसल, नरेंद्र गर्ग, अभिषेक अग्रवाल, अनूप गोयल, गौरव गर्ग, रोहताश कुमार, अभिषेक तायल, हर्षित अग्रवाल, प्रिंस चावला, मधुसूदन अग्रवाल, अर्पित जैन, शास्वत गोयल, अनुराग, लोकेश बंसल, सुशांत गर्ग, अर्पित सिंघल, लव अग्रवाल, मनोज गोयल, जय बंसल, दीपांशु गर्ग, पुलकित, गौरव, अंकित गर्ग, प्रांशु बंसल, अमन गर्ग, रचित सिंघल, वासु, विपुल गर्ग समेत हजारों भक्त शामिल रहे।

लो जी... अब लूटने वालों ने बकरी व भेड़ ही लूट ली

मुजफ्फरनगर, 9 मार्च (बु.) नई मण्डी क्षेत्र के बागोवाली के पास मैक्स पिकअप गाड़ी सवार बदमाशों ने एक चारवाहे को आतंकित करते हुए हथियार के बल पर बकरी व भेड़ ही लूट ली। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने एक बदमाश दबोच लिया। शनिवार की रात नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के बागोवाली में बदमाशों ने भेड़ बकरियों को भी लूटने से नहीं छोड़ा।

सहारनपुर जनपद के गंगोह थाना क्षेत्र के गांव लखनौती निवासी विपिन पाल ने बताया कि वह अपने साथियों मांगा पाल व छांगापाल के साथ भेड़ व बकरी पालने का व्यवसाय करता है। शनिवार की रात जब वह अपने साथियों के साथ भेड़ बकरी चराते हुए बागोवाली गांव के बाहर पहुंचा तो वे रात गुजारने के लिए गांव के बाहर ही भेड़ बकरियों के साथ रुक गए। रात में एकाएक पिकअप पर सवार होकर बदमाश वहां पहुंचे और गाड़ी में भेड़ बकरियां भरना शुरू कर दिया। जैसे ही चरवाहों को खटपट महसूस हुई तो चरवाहों के अनुसार हथियारों के दम पर उन्हें बंधक बना लिया गया। चरवाहों का कहना है कि उनकी कनपटी पर बंदूक रखकर उन्हें धमकाया गया। इस पर चरवाहों ने शोर शराबा मचा दिया। शोर मचाने पर क्षेत्र के ग्रामीण जागे और उन्होंने एक बदमाश को दबोच लिया, जबकि तीन अन्य बदमाश बकरी व भेड़ लेकर रफू चक्कर हो गए। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पीड़ित का बताना है कि 15 बकरी व 36 भेड़ बदमाशों द्वारा लूट ली गयी हैं। पुलिस तीन बदमाशों की तलाश में लगी हुई है। पकड़ा गया बदमाश जनपद मेरठ के ब्रह्मपुरी का निवासी कर्ण निकला। भेड़ बकरियों की लूट की सूचना के बाद आमजन में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। लोगों का कहना है कि बस अब यही कसर मुजफ्फरनगर के अपराधों में बाकी रह गयी थी। कभी कूकड़ा मंडी से सब्जी तो अब भेड़ बकरियां भी चोरी होने लगी हैं।

मुंबई में इमारत की पानी की टंकी साफ करते समय पांच मजदूरों की मौत

मुंबई, 09 मार्च (वार्ता) दक्षिणी मुंबई के नागपाड़ा इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत की पानी की टंकी की सफाई करते समय दम घुटने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। दमकल कर्मी सूत्रों के अनुसार, यह घटना शनिवार की देर रात करीब 12:29 बजे हुई जब निजी मजदूर गुड लक मोटर ट्रेनिंग स्कूल, बिस्मिल्ला स्पेस बिल्डिंग, डिमटीमकर रोड में पानी की टंकी की सफाई कर रहे थे। तत्काल दमकल कर्मी को सूचित किया गया और पीड़ितों को टैंक से बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि पीड़ितों को सरकारी जेजे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन प्रवेश से पहले ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

गरीबों का होगा कल्याण, बेटियों के लिए मण्डप तैयार

जल निगम ने 358 लाख में कराया दो मंजिला भवन निर्माण

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। नगरपालिका परिषद् शीघ्र गरीबों का कल्याण करने के लिए अब निर्धन और निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की बेटियों का मण्डप सजाने का भी काम करने जा रही है। करीब 358 लाख की लागत से मुख्यमंत्री कल्याण मंडप योजना में जिले का पहला कल्याण मंडप बारात घर शहर में बनकर तैयार है। पालिका नें इस मंडप को हैंड ओवर करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए पालिका में कार्यदायी संस्था जल निगम ने हस्तान्तरण प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी है। पालिका ईओ ने निर्माण विभाग से कार्य स्थल का निरीक्षण करते हुए चेक लिस्ट के बीच निर्माण कार्य का परीक्षण कर रिपोर्ट मांगी है ताकि समय से कल्याण मण्डप को जनता को समर्पित करते हुए इसका लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के आयोजन के लिए एक निश्चित स्थल तय करने के लिए सभी जनपदों के निकायों में एक-एक कल्याण मण्डप बारात घर निर्मित करने का ऐलान किया था। इसके लिए दिसम्बर 2022 में शासनादेश के तहत निकायों से कल्याण मंडप निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। मुजफ्फरनगर में कल्याण मंडप के लिए नगरपालिका परिषद् ने रुड़की रोड स्थित पालिका के पुराने बारात घर की भूमि को कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय को उपलब्ध करा दी थी। सरकार ने दो किश्तों में इसके लिए नगरपालिका परिषद् को बजट धनराशि भी अवमुक्त कर दी थी। कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक रवि प्रताप सिंह ने कार्य पूर्ण होने के बाद दो मंजिला कल्याण मंडप को पालिका को हैंड ओवर करने को हस्तांतरण प्रपत्र ईओ प्रज्ञा सिंह को उपलब्ध कराते हुए शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आग्रह किया है। इसमें बारात को ठहराने और भोजन आदि के लिए दो हॉल, मण्डप, किचन, शौचालय, पेयजलापूर्ति के लिए सबमर्सिबल पम्प के साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के साथ ही शासनादेश के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि जल निगम द्वारा अक्टूबर 2023 को इसमें निर्माण कार्य शुरू किया था और 25 फरवरी 2025 को सभी कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करा लिये गये हैं।

इन्होंने कहा- ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि रुड़की रोड पुलिस चौकी के सामने पालिका भूमि पर कल्याण मण्डप बनाया गया है। कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस उ.प्र. जल निगम नगरीय द्वारा भवन निर्मित कराते हुए अब हस्तांतरण प्रपत्र उपलब्ध कराया है। इसमें एई निर्माण को मौके पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए भौतिक सत्यापन के साथ रिपोर्ट देने के लिए कहा है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

जल निगम ने मांगा ईओ का आधार, कनेक्शन पर फंसा पेंच

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। नगरपालिका की भूमि पर मुख्यमंत्री कल्याण मंडप योजना में बारात घर का निर्माण करने के बाद हस्तांतरण का प्रकरण अभी फंस गया है। कार्यदायी संस्था सी एण्ड डीएस उ.प्र. जल निगम ने पालिका ईओ को दिए हस्तांतरण प्रपत्र में दावा किया कि 25 फरवरी को परियोजना का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है, जबकि अभी कल्याण मण्डप को बिजली कनेक्शन का इंतजार है। जल निगम के जेई रामवीर सिंह ने ईओ प्रज्ञा सिंह से कल्याण मण्डप का विद्युत कनेक्शन कराने के लिए व्यक्तिगत आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज मांगे हैं। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि पालिका में कई परियोजनाओं के लिए पूर्व में विद्युत कनेक्शन होते रहे हैं, हाल ही में एमआरएफ सेंटर और लिंक रोड पर मोबाइल कांपेक्टर के लिए भी कनेक्शन कराए हैं, लेकिन वो पालिका के नाम पर हुए हैं, ईओ के व्यक्तिगत नाम से नहीं। इसी कारण अभी विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाया है। इस प्रक्रिया को पालिका के नाम पर करने के लिए कहा गया है।

वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा ने किया वैश्य शिरोमणि राजा रतन चन्द की मूर्ति का लोकार्पण

फोटो बुलेटिन

वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा के द्वारा आयोजित किये गए वैश्य शिरोमणि राजा रतन चन्द महाराज मूर्ति लोकार्पण महोत्सव कार्यक्रम में मंचासीन तथा महाराजा रतन चन्द की प्रतिमा का अनावरण करते अतिथिगण।

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा की ओर से वैश्य शिरोमणि राजा रतन चन्द जी महाराज की मूर्ति लोकार्पण महोत्सव लक्ष्मण विहार स्थित राजवंशी धर्मशाला पर धूमधाम एवं भव्यता के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल राजवंश सभा के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप कंसल की अध्यक्षता में संपन्न कार्यक्रम का संचालन शलभ गुप्ता एड. एवं महिला सभा मंत्री गुंजन गर्ग एवं कार्यक्रम संयोजक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग, महामंत्री शलभ गुप्ता एड. रहे।

वैश्य शिरोमणि राजा रतन चंद जी महाराज की मूर्ति लोकार्पण के मुख्य अतिथि योगी सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व आईजी विजय गर्ग, अतुल गुप्ता राजवंश रत्न चंडीगढ़, अजय गुप्ता राजवंश रत्न मेरठ, निरंकार स्वरूप, रंजन मित्तल एड., इंगित प्रताप सिंह आईपीएस एवं उद्यमी सौरभ स्वरूप रहे।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने राजा रतन चंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे बहुत से महापुरुष मुगलों के समय काल में इतिहास के पन्नों से गायब कर दिये थे। राजा रतन चंद जी जो मीरांपुर कस्बे के मुकल्लमपुरा में जन्मे और वहीं से शिक्षा प्राप्त कर अपनी कुशलता और कुशाग्र बुद्धि से राजा की उपाधि प्राप्त की। मुगलों के लगाए जजिया कर को समाप्त करने को लड़े और हिंदुत्व को आगे बढ़ाया। मुगल शासकों ने उनका सिर काटकर हाथी के पैरों से कुचलवाया, परन्तु उन्होंने झुकना स्वीकार नहीं किया, तब समाज ने उन्हें शहीद राजा रतन चंद जी की उपाधि से नवाजा ऐसे महान व्यक्तित्व की मूर्ति का लोकार्पण करते हुए मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। इससे पूर्व वैश्य शिरोमणि राजा रतन चंद जी महाराज की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का सर्वप्रथम आयोजकों द्वारा चन्दन तिलक लगाकर, माला-पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी को राजवंश सभा के प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये। इस दौरान अतिथियों ने वैश्य राजवंश शिरोमणि राजा रतन चंद जी की मूर्ति की पूजा-अर्चना पं. वीरेंद्र शास्त्री द्वारा कराई। मंत्रोच्चार कर मूर्ति का लोकार्पण मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। मां कुलदेवी लक्ष्मी, महाराजा अग्रसेन जी एवं राजा रतन चन्द जी के जयघोष के बीच मूर्ति लोकार्पण किया। इस दौरान आकाश में गुलाल-फूलों की वर्षा व आतिशबाजी की भव्यता देखने को मिली। कार्यक्रम को विजय गोयल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, कृष्ण गोपाल मित्तल, श्रीमोहन तायल, रंजन मित्तल एड, सतीश बंसल, आकाश बंसल, सत्य प्रकाश रेशु, पवन अग्रवाल आदि ने सम्बोधित किया। अंत में सभी ने फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। इस दौरान केंद्रीय सभा राजवंश सभा के अध्यक्ष कुलदीप कंसल और महामंत्री संजीव ऐरन, द्वारा सफल कार्यक्रम के लिए मुफ्फरनगर राजवंश सभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग और महामंत्री शलभ गुप्ता को केंद्र की ओर प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अलक्षेन्द्र प्रताप, राहुल गोयल, बीना कुमार, पंकज राजवंशी, अमित गुप्ता एड, अश्वनी सिंघल, आरके गोयल, विपिन गुप्ता, प्रियांशु गर्ग, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, आलोक गर्ग, चिराग गुप्ता, राहुल मित्तल, महेश चन्द, गौरव गोयल, कन्हैया लाल गुप्ता, सुधीर ऐरन, सुबोध ऐरन, अनुराधा गुप्ता, गुंजन गर्ग, अनिता राजवंशी, सुनीता ऐरन, बिंदिया गुप्ता, रश्मि गुप्ता, नमिता सिंघल, साधना सिंघल, रेनू गर्ग, सरिता राजवंशी, पूनम राजवंशी, शिवम राजवंशी, अजित मित्तल, जितेंद्र मित्तल समेत बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य मौजूद रहे।

एसडी ग्लोबल स्कूल में हुआ किड्स कार्निवल

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। जानसठ रोड, स्थित एसडी ग्लोबल स्कूल में बच्चों को आनंद और मनोरंजन का अनोखा अनुभव देने के लिए किड्स कार्निवल का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबन्धन द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के गेम्स, मैजिक शो, पॉटरी पेटिंग, खेल, झूलों, संगीत, बैलून शूटिंग और अन्य मजेदार गतिविधियां आयोजित की गई। बच्चों ने इन खेलों में भाग लेकर न केवल मस्ती की, बल्कि एक-दूसरे के साथ मिलकर टीम वर्क का अनुभव भी प्राप्त किया। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वातावरण खुशी से भरा हुआ रहा। कार्निवल में रंगीन झूलों की भरमार थी। बच्चों ने झूलों पर बैठकर खूब मस्ती की और यह उनका सबसे पसंदीदा आकर्षण रहा।

कार्निवल में विभिन्न प्रकार के खिलौने, किताबें, और छोटे-मोटे गिफ्ट्स के स्टॉल्स लगे थे, जिनमें बच्चों ने खूब खरीदारी की। वहां पर खाने-पीने की स्टॉल्स भी थीं, जहां बच्चों ने पॉपकॉर्न, चिप्स, आइसक्रीम और अन्य स्वादिष्ट चीजों का आनंद लिया। बच्चों ने नृत्य, संगीत और रंगीन परिधानों में सजकर नाटक प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों ने कार्निवल में रंग भरते हुए उत्साह को और बढ़ा दिया। इस कार्निवल में न केवल बच्चों ने आनंद लिया, बल्कि उनके माता-पिता भी खुश हुए, जो अपने बच्चों को मस्ती करते हुए देख रहे थे।

यहां फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी, जिसमें बच्चों ने विभिन्न किरदारों में अभिनय किया।

अंकिता कुमार पत्नी अनुभव कुमार (सचिव) ने इस अवसर पर बताया कि इस कार्निवल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और खुशी का वातावरण प्रदान करना था, जहां वे अपनी रचनात्मकता और खेल-कूद के कौशल का प्रदर्शन कर सकें। एसडी ग्लोबल स्कूल के इस कार्निवल का उद्देश्य बच्चों में खुशी और उत्साह का संचार करने के साथ-साथ उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को भी प्रोत्साहित करना था। उन्होंने कहा कि एसडी ग्लोबल स्कूल प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान है, जो अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, समर्पित स्टाफ और अत्याधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जाता है। प्रधानाचार्या साक्षी बालियान ने कहा कि यह कार्निवल हर बच्चे के लिए एक यादगार अनुभव बन गया, और बच्चों ने इसे बहुत पसंद किया। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो उनके समग्र विकास में सहायक होता है। डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

लखनऊ जा रहे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

बुढ़ाना, 9 मार्च (बु.)। देशभर में दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज पर हो रही अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ने और बहुजन समाज पर हो रहे हमलों, हत्याओं, बलात्कारों और जातिगत् भेदभाव की घटनाओं में भयावह वृद्धि होने के विरोध में लखनऊ में होने वाली 10 मार्च की भीम आर्मी की रैली में बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र से लखनऊ जा रहे सैकड़ों कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बुढ़ाना पुलिस ने रविवार की सायं रोक लिया। पुलिस ने सब कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को दो प्राइवेट बसों से उतारकर बस को अपने कब्जे में ले लिया और सभी को अपने-अपने घरों को लौटने को कहा। इस दौरान कुछ पदाधिकारियों द्वारा बुढ़ाना पुलिस से झड़प की भी खबर है। लखनऊ में इस रैली को नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण संबोधित करने वाले थे। रैली के दौरान रैली स्थल से राजभवन पहुंचकर महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपे जाने का भी कार्यक्रम था। इन सभी भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कसाना ने रोक लिया और उनको समझा-बुझाकर घर भेज दिया और दोनों बसों को कब्जे में कर लिया। इस बारे में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष दीपक कश्यप ने बताया कि वे लखनऊ जा रहे थे। तब बुढ़ाना में सड़क वाली मस्जिद के पास पुलिस ने उन सबको लखनऊ जाने से रोक लिया। कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर इकट्ठा हुए थे। लखनऊ जाने वालों में मुख्य रूप से दीपक कश्यप, नसीम अंसारी, आनंद, संतलाल सागर, अनु, राकेश जाटव व रिजवान अब्बासी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नलकूप चोरी में चार गिरफ्तार

शाहपुर, 9 मार्च (बु.)। थाना पुलिस ने नलकूपों से सामान चोरी करने वाले दो बाल अपचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि थाना पुलिस ने गांव धनायन से खेतों की तरफ जाने वाले रास्ते से दो बाल अपचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दो आरोपियों ने अपने नाम में पता गांव कसेरवा निवासी शाकिर व कस्बे के मौहल्ला कस्सावान निवासी समीर बताया। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक ई-रिक्शा के अलावा नलकूपों से चोरी किया गया केबिल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कर उनका चालान कर दिया।

खतौली में डीजे के साथ निकाली श्री खाटू श्याम की निशान यात्रा

खतौली, 09 मार्च (बु.)। श्री खाटू श्याम मित्र युवा मंडल के तत्वावधान में नगर में निकाली गयी खाटू श्याम निशान यात्रा में जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल रहे, वहीं डीजे पर बजने वाले धार्मिक भजनों की धुन पर भक्तिरस में डूबे स्त्री-पुरुष जमकर नृत्य करते हुए गुलाल उड़ाते नजर आये। मिली जानकारी के अनुसार श्री खाटू श्याम मित्र युवा मंडल के तत्वावधान में प्रातःकाल निशान यात्रा मौहल्ला काशीराम स्थित श्री संकीर्तन गीता भवन से विधिवत प्रारम्भ हुई। यात्रा में जहां डीजे पर बज रहे धार्मिक भजनों की धुनों व ढोल नगाड़ों की थाप में स्त्री-पुरुष नृत्य करते चल रहे थे, वहीं युवा वर्ग गुलाल उड़ाते हुए भक्तिमय नजर आया। यात्रा का स्थान-स्थान पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा से अभूतपूर्व स्वागत किया गया। यात्रा घन्टाघर, सरदार पटेल मूर्ति, भवानी मन्दिर मार्ग, बड़ा बाजार, इन्दिरा मूर्ति, जीटी रोड होती हुई नगर क्षेत्र के प्राचीन महादेवालय में नव निर्मित श्री खाटू श्याम मन्दिर शिवपुरी कालोनी पहुंची, जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वैभव जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर बाबा का आशीर्वाद लिया, वहीं राजवीर सिंह टीटू द्वारा बाबा की आरती की गई। तत्पश्चात मंडल के द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक आयोजन में शिवम अग्रवाल, चिराग जैन, अभय जैन, कुलदीप शर्मा, प्रवीण ठकराल, नीरज गौगिया, अमित गोयल, यश छाबड़ा, शिवम वर्मा, मोहित संगल, तरंग जैन, पंकज कुमार, गौरव शर्मा, पंकज गुप्ता, हिमांशु सिंघल, मयंक गोयल, मोहन शर्मा, राजकुमार वर्मा, हर्ष पालीवाल, मनोज कुमार, हरिओम, विकास आदि का विशेष योगदान रहा। नगर में निकली विशाल निशान यात्रा को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस भी पूर्ण रूप से सजग बनी रही, जिसको लेकर यात्रा मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, वहीं यात्रा के दौरान जीटी रोड पर यातायात व्यवस्था भी प्रभावित बनी रही।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	87900	चांदी-	97700
सिक्का-	10500	गिन्नी-	65610

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 10 मार्च, 2025

मेष- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित रचनात्मक कार्यों की ओर रुझान, आय के नवीन स्त्रोत उपस्थित, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि का सुयोग।

वृषभ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, व्यापार में धन निवेश, मित्रों से विचार-विमर्श, शुभ समाचार की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, धनागम।

मिथुन- लाभ का सुअवसर, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, जनकल्याण की ओर रुझान, इच्छित पद की प्राप्ति, व्यवधान समाप्त।

कर्क- परिस्थितियाँ प्रतिकूल, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, अकल्पित घटनाओं से मन अशांत, दूसरों की सलाह अमान्य, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में।

सिंह- अधूरी योजना प्रगति पर, घरेलू वातावरण सुखद, परोपकार की भावना जागृत, सुसंदेश मिलने से खुशी, दर्शनीय स्थल यात्रा, उत्तरदायित्व की पूर्त का प्रयास।

कन्या- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, परिश्रम के अनुरूप सफलता, विवाद का समापन पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, शांति।

तुला- इच्छित कार्यों में सफलता, मित्रों से विचार विनिमय, सुख के साधन उपलब्ध, राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग, धर्म के प्रति रुचि, आवागमन में अनुकूलता।

वृश्चिक- आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, व्यय की अधिकता, अशांति का माहौल, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संशय, अध्ययन में व्यतिक्रम, वैचारिक स्थिरता, विरोधी प्रभावी।

धनु- नवयोजना की शुरूआत, कुछेक समस्याओं का समाधान, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि, निर्णय हितकर, खर्च अधिकता।

मकर- समय संतोषजनक, विचारित कार्य प्रगति पर, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आय के स्त्रोत उपस्थित।

कुम्भ-स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, शुभ भावनाओं का उदय, आनन्द की अनुभूति, कर्जकी अदायगी, प्रयास सार्थक, विवाद समापन, पारिवारिक खुशी।

मीन- प्रगति का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता के कारण कार्यों में व्यतिक्रम, प्रियजनों से निराशा, धनलाभ में कमी, संकल्प-विकल्प की स्थिति, वाहन से भय।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

इनर व्हील क्लब ऑफ मुजफ़्फ़रनगर ने किया होली समारोह का भव्य आयोजन

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बुस.)। इनर व्हील क्लब ऑफ मुजफ़्फ़रनगर द्वारा होली मिलन का भव्य आयोजन मदर्स प्राइड स्कूल, न्यू मंडी परिसर में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। यह आयोजन महिलाओं को सशक्त बनाने और सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत रखने की एक अनूठी पहल रही। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष डॉ. रिंकू एस. गोयल, कोषाध्यक्ष पारुल मित्तल, क्लब पास्ट जिला चेयरमैन संतोष शर्मा, प्रोग्राम कन्वीनर आशु आनंद और ऋतु जैन ने संयुक्त रूप से किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सीनियर एग्जीक्यूटिव बोर्ड एवं पास्ट जिला चेयरमैन डॉ. दीप्ति अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई। इस खास मौके पर प्रख्यात गायक कुलदीप को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने होली और वूमेंस-डे के अवसर पर अपनी शानदार संगीतमय प्रस्तुति से एक यादगार म्यूज़िकल ईवनिंग बनाई और समा बांध दिया। उनकी सुरीली आवाज और कर्णप्रिय गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो उठा। 100 से अधिक महिलाओं ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने रंगों और फूलों की होली खेली, ग्रुप डांस किया और तंबोला व अन्य फन गेम्स में भाग लेकर भरपूर आनंद उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मदर्स प्राइड स्कूल के स्टाफ का भी विशेष सहयोग रहा। व्हील क्लब ऑफ मुजफ़्फ़रनगर का यह प्रयास महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक पहल रहा, जो उत्सव और सौहार्द्र का संदेश देते हुए उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

पुरानी पेंशन बहाली को अटेवा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

सांसद हरेन्द्र मलिक व विधायक पंकज मलिक ने दिया समर्थन का आश्वासन

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा अध्यक्ष विजय बंधु के आह्वान पर बीते 25 फरवरी से 10 मार्च तक चलाये जा रहे सांसदों को ज्ञापन सौंपे जाने के अपनी मांगों को पूर्ण कराए जाने की मांग की। रविवार को इस बीच मुजफ्फरनगर सांसद हरेंद्र मलिक को पुरानी पेंशन बहाली के लिए सौंपे ज्ञापन में लोकसभा में इस ज्वलंत मुद्दे को प्राथमिकता से उठाने का अनुरोध किया। साथ ही प्रधानमंत्री को सांसद के द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में एक पत्र जारी कराया गया जिसमें देश के सभी शिक्षकों,कर्मचारियों को पूर्व की भांति पुरानी पेंशन बहाली कराने की मांग की गई।

अटेवा से जुड़े पदाधिकारियों ने एनपीएस और केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लाई यूपीएस दोनों में ही शिक्षकों कर्मचारियों का हित नहीं होने की बात करते हुए बताया कि क्योंकि यह दोनों पेंशन योजनाएं बाजार आधारित है एवं बाजार के उतार-चढ़ाव में कर्मी अपने बुढ़ापे को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। जबकि उन्होंने अपने जीवन का अमूल्य समय देश व प्रदेश की सरकारी सेवाओं में लगा दिया है। यहां तक कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अर्ध सैनिक बल के जवानों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित कर दिया गया है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अर्ध सैनिक बल अपना जीवन न्यौछावर कर देश की सुरक्षा करते हैं। यह कैसा न्याय है? अटेवा मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में रविवार को जिले के दर्जनों शिक्षकों व कर्मियों ने विधायक पंकज मलिक से भी अनुरोध किया कि वह भी विस में इस मुद्दे को उठाने और पुरानी पेंशन बहाल कराने में सक्रिय सहयोग दें। इस दौरान सांसद हरेन्द्र मलिक ने सभी शिक्षकों एवं कर्मियों को आश्वस्त किया कि वे पहले भी पुरानी पेंशन का मुद्दा संसद में उठाते रहे है और पुरानी पेंशन बहाल होने तक वह बार-बार इस मुद्दे को संसद में उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे सभी शिक्षकों और कर्मचारियों की चिंता को समझते है और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इस मांग को पूरा करने के लिए आग्रह करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रीत वर्धन शर्मा, मनोज कुमार, यशपाल अरोड़ा, डॉ. दीपक गर्ग, रमेश चंद, विशाल भारद्वाज, सुनील पंवार, संजीव जावला, अक्षय चौधरी, सार्थक शर्मा, कपिल शर्मा, दीपक बाबरे, पुष्पेंद्र चौधरी, सोमपाल, प्रियंक देव, संजय राठी, महेंद्र सैनी, तेजपाल, गौरव, अनिल सिंह, मनोज त्यागी, मोबिन अली, पासी राकेश, मनोज कौशिक, संगीता जावला, संध्या रानी, अर्चना आर्या, प्रदीप नागर, दिवाकर शर्मा आदि शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें: सीओ सदर

चरथावल, 09 मार्च (बु.)। थानाक्षेत्र में आगामी त्यौहारों जुम्मा, होली व ईद को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सदर राजू कुमार साव व थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने संभ्रान्त व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर सभी से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की तथा आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने की अपील की। चरथावल थानाक्षेत्र में आगामी त्यौहारों जुम्मा, होली व ईद को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्भ्रान्त व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों से अपील की गई कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें और शांति व्यवस्था बनाये रखें। साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा करें और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों की किसी भी प्रकार की आपराधिक अवंछित गतिविधि दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देंने की अपील की। साथ ही कहा गया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें। सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। सोशल मीडिया पर ऐसी कोई भी पोस्ट शेयर न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। बैठक में सभी चौकी प्रभारी, सभी गांव के प्रधान, धार्मिक स्थलों के मौलवी, इमाम व कस्बे के सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

दुल्हैंडी पर्व पर डीजे बजा मिला तो होगी कड़ी कार्यवाही, सीओ ने डीजे संचालकों को दी चेतावनी

बुढ़ाना, 9 मार्च (बु.)। होली पर्व के मौके पर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा और हुड़दंग मचाने वाले हुड़दंगियों पर भी कड़ा एक्शन होगा। ये बात बुढ़ाना सर्किल के सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने कही हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली बुढ़ाना परिसर में बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह ने रविवार के दिन होली, दुल्हैंडी व माह रमजान के जुमे को लेकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के समस्त डिस्क जॉकी संचालकों की एक अहम बैठक ली, जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उक्त पर्वों पर अगर उनको यह शिकायत मिली कि उनके सर्किल में किसी भी स्थान पर डीजे बज रहा है, तो उस डिस्क जॉकी संचालक के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और उसका डिस्क जॉकी जब्त कर लिया जाएगा। बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र ने भी कहा कि होली में किसी भी परिस्थिति में डीजे नहीं बजाना है। डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि डीजे बजाते पकड़ा जाता है, तो डीजे को जब्त करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीजे संचालकों में मुख्य रूप से इमरान मिर्जा चंधेड़ी, तरुण संगल, सौरभ शर्मा, सोनू जाटव, सोनू सैनपुर, निशांत परासौली और सोड्डल आदि डिस्क जॉकी डीजे संचालक मौजूद रहे।

सैकडों ग्रामीणों ने थाने पहुंच लगाया भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

चरथावल, 09 मार्च (बु.)। क्षेत्र के ग्राम दिलीपपुरा में शिव मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने सीओ सदर को समाधान दिवस में प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। चरथावल थाना क्षेत्र के दलीपपुरा के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों के द्वारा थाने पर चल रहे समाधान दिवस के अवसर पर पहुंचकर एक प्रार्थना-पत्र सीओ सदर राजू सिंह साव को सौंपा गया, जिसमें उन्होंने कहा कि गांव में पंचायत की भूमि पर ग्रामीणों की सहमति से शिवलिंग की स्थापना हुई थी, जिस पर पूजा-अर्चना करते हैं, लेकिन कुछ दबंग शिव मंदिर की भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं, जोकि लगातार ग्राम वासियों के साथ दुर्व्यवहार भी कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और शिव मंदिर की भूमि पर कब्जा न होने दिया जाए।

गणपति धाम मंदिर में मेहंदी श्याम नाम की में आस्था का उत्साह

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। भरतिया कॉलोनी नई मंडी श्री गणपतिधाम ट्रस्ट समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में शनिवार रात्रि बाबा खाटू श्याम की मेहंदी का रंग तमाम भक्तों को खूब भाया। श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय महोत्सव की कड़ी में बीती रात्रि संपन्न मेहंदी श्याम की कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इस बीच श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की इस कड़ी में मंदिर प्रांगण में बाबा श्री खाटू श्याम की पूजा-अर्चना के बाद मेहंदी श्याम नाम की कार्यक्रम में भक्तों ने बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए एक-दूसरे को मेहंदी लगाते हुए फाल्गुन महोत्सव की बधाई दी। अब सोमवार 10 मार्च को सुबह 9 बजे शिवचौक से भगवान आशुतोष जी की पूजा के बाद एकादशी निशान यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण में निशान अर्पित किए जाने के बाद प्रसाद वितरण संग संपन्न होगी। रविवार को निशान यात्रा से जुड़ी तैयारियों को लेकर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अंतिम रूप दिया गया। बीती रात्रि संपन्न हुए मेहंदी श्याम नाम की कार्यक्रम में मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रमुख उद्यमी भीम कंसल व श्रवण गर्ग के अलावा अध्यक्ष अशोक गर्ग, महामंत्री अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, अंबरीश सिंघल, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, नवनीत गुप्ता, रजत गोयल, विवेक गर्ग, नवीन अग्रवाल, रजत राठी, अंकित अग्रवाल, शशांक राणा, पक्ष गर्ग, तुषार गर्ग, राघव मुकुंद गर्ग, अतुल अरोरा, राहुल श्याम प्रेमी, शुभम तायल आदि मौजूद रहे।

भाजपा कार्यालय पर मंत्री कपिल देव ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाओं का किया सम्मान

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को भाजपा कार्यालय पर महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर विधायक एवं मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने समाजसेवा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कपिल देव ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता व व्यापक भागीदारी ही असली सशक्तिकरण का आधार है। प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से नए अवसरों, संसाधनों और मार्गदर्शन को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्म निर्भर बनेंगी, तो न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा समाज और देश प्रगति की दिशा में अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि नए भारत में सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता और समाजसेवियों को हर महिला तक इन योजनाओं की पहुंच सुनिश्च

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

राहुल का पार्टी को लेकर चिंतन

राहुल गांधी ने अपनी पार्टी के नेताओं के लिए जो कुछ कहा है, उससे लग रहा है कि वे पार्टी को लेकर चिंतन कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ उनके बयानों के वीडियो जिस तरह वायरल हो रहे हैं। उससे यह लगता है कि उन्होंने फिर अपना मजाक उड़वा लिया है। एक वीडियो में वे एक कार्यकर्ता के हवाले से कह रहे हैं कि दो तरह के घोड़े होते हैं, एक रेस के, एक बारात के। कांग्रेस रेस के घोड़े को बारात में भेज देती है और बारात के घोड़े को रेस में भेज देती है। लोग इस वीडियो के पूरे मजे ले रहे हैं और नेताओं के नाम ले लेकर ये पूछ रहे हैं कि ये रेस के हैं या बारात के? गुजरात में साल 2027 में चुनाव होने हैं, राहुल गांधी ने कहा कि 30 साल हो गए, यहां हमारी सरकार नहीं है। यहां विपक्ष के पास 40 फीसदी वोट हैं, यहां विपक्ष छोटा नहीं है। अगर गुजरात के किसी भी कोने में दो लोगों को आप खड़ा कर देंगे, तो उसमें से एक बीजेपी का और दूसरा कांग्रेस का निकलेगा। यानी दो में से एक हमारा, एक उनका होगा, लेकिन हमारे मन में है कि कांग्रेस के पास दम नहीं है। अगर गुजरात में हमारा वोट पांच फीसदी बढ़ जाएगा, तो बीजेपी वहीं खत्म हो जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि गुजरात की जनता को पार्टी नेतृत्व नया विकल्प नहीं दे पा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि चाहे हमारे जनरल सेक्रेटरी हों, चाहे हमारे पीसीसी अध्यक्ष हों, कांग्रेस पार्टी जनता को दिशा नहीं दिखा पा रही है। यह सच्चाई है और इसे कहने में मुझे कोई शर्म या डर नहीं है। अब गुजरात की जनता देख रही है और कह रही है कि भैया कांग्रेस पार्टी ने रेस में बारात का घोड़ा डाल दिया, अगर हमें सख्त कार्रवाई करनी पड़े और 30 से 40 लोगों को निकालना पड़े, तो निकाल देना चाहिए। बीजेपी के लिए अंदर से ये लोग काम कर रहे हैं, बाहर से काम करने दीजिए। जीतने-हारने की बात छोड़ दीजिए, जो हमारे नेता हैं, अगर उनका हाथ कटे, तो उसमें से कांग्रेस का खून निकलना चाहिए। ऐसे लोगों के हाथ में संगठन का कंट्रोल होना चाहिए। जैसे ही हम ये करेंगे, जनता हमसे जुड़ेगी और हमें उनके लिए दरवाजे खोलने होंगे। कांग्रेस नेता अहमद पटेल की बेटी मुमताज पटेल ने कहा है कि राहुल गांधी को ऐसे लोगों की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे बहुत लोग हैं, जो अपने स्वार्थ के लिए, पार्टी में आरामदायक पोज़िशन पर बैठे हैं, वो लोग नहीं चाहते कि नए लोग, नए चेहरे आगे आएं। अंदर से भी महसूस होता है कि हमें रोका जा रहा है। राहुल गांधी के इस गंभीर चिंतन पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि जो गुजरात चुनाव के दौरान संभवतः एक भी सभा करने के लिए गुजरात नहीं गए और जो कांग्रेस के 140 साल के इतिहास के सर्वाधिक असफल अध्यक्ष हैं, वो गुजरात कांग्रेस में सफलता का मूल मंत्र सिखाने के लिए कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि वैसे तो ये कांग्रेस का अंदरूनी मामला है, लेकिन उनका बयान निश्चित रूप से कांग्रेस की आंतरिक दुर्गति और राहुल गांधी की विचित्र मनःस्थिति की तरफ इशारा है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अपनी पार्टी के लोगों को सार्वजनिक तौर पर अपमानित करने का ऐसा उदाहरण कहीं देखने को नहीं मिलेगा। हम उनसे पूछना चाहते हैं कि आप किस-किस से मिले हुए हैं? उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस में सोनिया और राहुल गांधी का दौर आया है, तब से ही गुजरात में कांग्रेस की स्थिति ज्यादा खराब हुई है, जिस प्रकार से संपर्क निकलकर सामने आते हैं, आप अनेक संदिग्ध संस्थाओं से मिले हुए प्रतीत होते हैं। उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी जब विदेश जाते हैं तो किस-किस से मिलते हैं। राहुल गांधी वामपंथियों और नक्सलियों का समर्थन करते हैं। मीडिया को गाली देते-देते अब राहुल गांधी अपनी पार्टी के नेताओं को भी गाली देना शुरू कर दिया है, इसलिए मैं कहता हूं कि ये राहुल गांधी की बिगड़ती मनःस्थिति का नतीजा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के गृहमंत्री रहे सरदार वल्लभभाई पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाई, लेकिन आज तक कांग्रेस का कोई नेता देखने नहीं गया। राहुल गांधी कह रहे हैं कि उनके कई नेता जंजीर से बंधे हुए हैं। परिवारवाद की जंजीर न हो तो कितने ही लोग पार्टी को छोड़कर जाने को राजी हो जाएं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने बजट में सिर्फ मुस्लिम समाज के बच्चों के लिए 500 करोड़ के प्रावधान किए हैं। इसी तरह वक्फ बोर्ड के रेनोवेशन से लेकर कई तरह के प्रावधान किए गए हैं। उनसे पूछना चाहता हूं कि इस बजट में सिक्खों के लिए क्या है, जैनियों के लिए क्या है? आज की कांग्रेस सरदार पटेल और महात्मा गांधी के विचारों से कोसों दूर है। आज की कांग्रेस मोहम्मद अली जिन्ना के सिद्धांतों को आत्मसात करके बैठी हुई है। कांग्रेस की मानसिकता पर अब मुस्लिम लीग का प्रभाव आ गया है। कर्नाटक सरकार के बजट ने यह दिखा दिया है कि कांग्रेस सरकार मुस्लिमों को पहला हक देती है और दूसरे समुदायों को दोयम दर्जे का नागरिक मानती है। कांग्रेस पार्टी का गठबंधन केरल में मुस्लिम लीग से है। अब कांग्रेस भी मुस्लिम लीग की राह पर चलती जा रही है। गिरीराज सिंह ने कहा कि गुजरात के कार्यकर्ता ने साबित कर दिया कि अपने नेतृत्व राहुल गांधी पर उन्हें भरोसा नहीं है और राहुल गांधी ने भी भारी मन से कहा कि अब ये तो नेतृत्व पर ही सवाल है और जब नेतृत्व पर सवाल होता है तो कार्यकर्ता उनसे अलग होते हैं, राहुल गांधी ने खुद ही कह दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी ने गुजरात में खुद को और अपनी पार्टी को ट्रोल किया है और खुद को आईना दिखाया है। वह अपनी नाकामियों के लिए खरगे जी और अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगा रहे थे। उन्होंने अपनी पार्टी को 90 से ज्यादा चुनावों में हरवाया है। इस लिहाज से, वह भाजपा के सबसे बड़े तुरुप के इक्के हैं। पूनावाला ने कहा कि अगर चुनाव में पार्टी को हरवाना एक कला है, तो इसके कलाकार राहुल गांधी हैं। राहुल से गुजरात चिंतन के बीच हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली की हार पर भी चिंतन करने को कहा जा रहा है। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। कांग्रेस इस समय बिना नेता के बजट सत्र में भागीदारी कर रही है। हालांकि,भूपेंद्र सिंह हुड्डा विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका में हैं, लेकिन कांग्रेस हाईकमान की ओर से अभी तक विधिवत रूप से विपक्ष के नेता का नाम घोषित नहीं किया गया है। कांग्रेस को बिना विपक्ष के नेता के विधानसभा में सत्ता पक्ष के उपहास का सामना करना पड़ रहा है।

चार तीर

सुनील उत्सव

'सियासी' 'खूबियां' 'रोटी' 'कमाई'

अब सियासी नीतियों की खूबियां तो देखिए,
खाली बैठे ही कमाई हो रही है आजकल।
पेट में रोटी पड़ी है क्यों न हम हल्ला करें?
खाली बैठे ही कमाई हो रही है आजकल।

गुडविल सोसायटी के कार्यक्रम में बिखरी खूबसुरत फूलों की छटां

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बुस.)। नगर में आज स्थानीय एस.डी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग निकट रोडवेज परिसर में गुडविल सोसायटी मुजफ्फरनगर द्वारा प्राकृतिक सौंदर्य के संरक्षण में जनमानस के प्रति प्रेम तथा पुष्पों की भांति विश्व धरातल पर सुगंध फैलाने जैसी मानवीय प्रवृत्ति की वृद्धि के उद्देश्य से गत वर्षो से समायोजित पुष्प प्रदर्शनी इस वर्ष भी संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल व कुशल संचालन सोसायटी के सचिव होती लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र साहनी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. अशोक जैन ने विद्यालय की डायरेक्टर चंचल सक्सेना एवं डॉ. अशोक कुमार के सहयोग की सराहना। गुडविल सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. योगेंद्र नारायण, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल जहां इस पुष्प प्रदर्शनी समारोह के मुख्य अतिथि रहे, वहीं गुडविल सोसायटी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. आरके भटनागर, उपाध्यक्ष प्रो. के.सी शर्मा, आलोक स्वरूप, डॉ. एस.सी कुलश्रेष्ठ, संपादक बुलेटिन अंकुर दुआ एवं पूर्व आईजी विजय गर्ग शामली विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पुष्प प्रदर्शनी में जिन्होंने सहभागिता की, प्रसिद्ध पुष्प वाटिका प्रेमी डॉ. सुदेश पवार ने समारोह का निर्णय लेकर कृतार्थ किया। नगर के गणमान्य पुष्प प्रेमी और प्रकृति को संरक्षण देने वाले लोग अपने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लेकर उपस्थित रहे, जिन्हें पौधा और प्रकृति संरक्षण के लिए डॉ. एस.सी कुलश्रेष्ठ, दीपा अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, झलक अग्रवाल, अजय जिंदल प्लासा होटल, डॉ. विनीत विनोचा, निखिल छाबड़ा एडवोकेट, डॉ. अरुण अरोरा काउंसिल, पीयूष अग्रवाल मूलचंद रिसोर्ट, आलोक स्वरूप, अनिल स्वरूप, सुशील अग्रवाल, कौशल कृष्ण अग्रवाल, राधा, डॉ. हितेश अरोड़ा, अभिनव सुशील, प्रवीण गुप्ता, निरंकार स्वरूप, डॉ. अशोक कुमार, पीयूष वाजपेई, अमित गर्ग, डॉ. गिरीश, गिरिराज माहेश्वरी, गुलशन केमिकल अंकित बिंदल, संदीप अग्रवाल, राकेश बिंदल प्रमुख रहे। जिन्हें मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर इस प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया। गुडविल सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपने वक्तव्य में इस पुष्प प्रदर्शनी में समारोह की बहुत-बहुत सराहना की और और समारोह को स्कूली बच्चों द्वारा सुंदर गायन द्वारा और लोकगीतों द्वारा बहुत उत्साहवर्धक बनाया गया। अशोक कंसल पूर्व विधायक, विजय शुक्ला, श्रीमोहन तायल, कुशपुरी, कृष्ण गोपाल मित्तल, सुनील गर्ग, विशाल गर्ग, पुष्पेंद्र अग्रवाल, बृजमोहन, इंजीनियर लोकेश चंद्रा, देवराज, अनिल, गोपाल गर्ग, अंकुर गर्ग, अमित गर्ग, अरविंद मित्तल, अवनीश मोहन तायल, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, बीएम गुप्ता, डीके राठी, देवेंद्र गर्ग, डॉ. पीके कंबोज, गंगा प्रताप, गिरीश अग्रवाल, कुलदीप भारद्वाज, टोनी बिंदल, मधुसूदन गर्ग, मनोज बाटला, रचना बाटला, मनोज जैन, मोहनलाल मित्तल, मुकेश लाल एडवोकेट, डॉ. मुकेश अरोड़ा, मनोज सिंघल, पंकज जैन, पंकज मोहन गर्ग, पवन कीर्ति शरण अग्रवाल, शिवचरण गर्ग, देवराज पवार, राजीव अग्रवाल, प्रमोद मित्तल, प्रो. सतीश मित्तल, कृष्ण अग्रवाल, विशाल कालरा, विश्व रतन गुप्ता, देवराज, केमिकल वाले चौधरी राजबीर सिंह, भारती तिवारी प्रिंसिपल एस.डी पब्लिक, रचना जैन सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। पुष्प प्रदर्शनी समारोह में सभी मालियों को माला और प्रतीक-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

नेहा बनी सौ कि.ग्रा वजन उठाकर महिला शक्ति की मिसाल

- डॉ. अनुभव जैन ने दिया उच्च स्तरीय सम्मान

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बुस.)। हाउस वाइफ नेहा कांबोज घरेलू महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई है। उन्हें पेट के आपरेशन के बाद घर के कार्यों में भी भारी वजन उठाने के लिए मना कर दिया गया था, लेकिन नेहा ने अपने को कभी लाचार व कमजोर नहीं समझा बल्कि पूरे परिवार की जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए दो वर्ष पहले आर्यपुरी स्थित अल्फा वारियर्स जिम ज्वॉइन कर लिया था तथा जिम ऑनर एवं ट्रेंड कोच तुषार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर आपरेशन के बाद बढ़े अपने वजन को ही कम नहीं किया बल्कि अपने शरीर को अंदरुनी तौर पर मजबूत करते हुए सौ कि.ग्रा वजन उठाकर सभी को आश्चर्य चकित करने के साथ ही अल्फा वारियर्स जिम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को धूमधाम से मनाया। नेहा के आत्मविश्वास कड़ी मेहनत पर वर्धमान अस्पताल से प्रमुख समाजसेवी डॉ. मुकेश जैन के सुपुत्र डॉ. अनुभव जैन ने नेहा कांबोज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कराटे किंग वेदप्रकाश शर्मा ने अपने होनहार सुपुत्र जिम कोच तुषार शर्मा को शाबाशी दी, वहीं नेहा के अभिभावकों ने तुषार शर्मा का आभार व्यक्त किया।

यूपी में पुलिसकर्मियों के तबादलों के लिए मांगे नामांकन, 20 अप्रैल तक मौका

लखनऊ, 09 मार्च (एजेंसी)। डीजीपी मुख्यालय ने ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण व्यवस्था-2025 के अंतर्गत सभी एडीजी जोन के माध्यम से समयावधि पूर्ण करने वाले नागरिक पुलिस के निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी एवं आरक्षी के नाम मांगे हैं। इसकी कट ऑफ डेट 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। सभी एडीजी जोन व आईजी रेंज से समायोजन एवं चिन्हीकरण की कार्यवाही 10 अप्रैल तक पूरी करने को कहा गया है। तत्पश्चात 20 अप्रैल तक डीजीपी मुख्यालय को नामांकन उपलब्ध कराना होगा। डीजीपी मुख्यालय में एडीजी स्थापना नचिकेता झा की ओर से सभी एडीजी जोन, आईजी रेंज एवं जिलों के पुलिस कप्तानों को भेजे पत्र में कहा गया है कि 20 अप्रैल के बाद यदि कोई नामांकन प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय का होगा। उन्होंने ऐसे कर्मचारियों को अवश्य सूचीबद्ध करने को कहा है जिनका विगत वर्ष में स्थानांतरण हुए एक वर्ष से अधिक समय व्यतीत हो चुका है, लेकिन विभिन्न कारणों से अभी तक कार्यमुक्त नहीं किए गए हैं। साथ ही, प्रत्येक जिले का पदवार स्वीकृत नियतन, उपलब्धता, रिक्ति एवं अधिकता का विवरण भी देना होगा। नामांकन मिलने के बाद मुख्यालय द्वारा स्थानांतरण संबंधी समस्त कार्यवाही 20 जून तक पूरी कर ली जाएगी। तत्पश्चात रेंज स्तर से स्थानांतरित कर्मियों को 20 जून तक कार्यमुक्त करना होगा। इसी तरह जोन स्तर से 25 जून तथा मुख्यालय स्तर से स्थानांतरित कर्मियों को 30 जून तक कार्यमुक्त करना अनिवार्य होगा।

हाईवे पर स्कूटी फिसलने से गिरा युवक, वाहन ने कुचला

सहारनपुर, 09 मार्च (एजेंसी)। बेहट कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर गांव कलसिया निवासी अनुज (30) नियंत्रण खोने से सड़क गिर गया। पीछे से आए एक वाहन ने उसे कुचल दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे बेहट-कलसिया के बीच वन विभाग की नर्सरी के पास हुआ। अनुज पुत्र मदन स्कूटी से थाना मिजार्पुर क्षेत्र के गांव खुशहालपुर गैस एजेंसी के ऑफिस जा रहा था। नर्सरी के पास अचानक वह अपना नियंत्रण खो बैठा और स्कूटी समेत सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बेहट सीएचसी लेकर आई। इसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक हादसे से संबंधित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

मंगलवार को एसडी कॉलेज मार्किट में होगा बालाजी संकीर्तन

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन की ओर से आगामी मंगलवार 11 मार्च को मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरांत राम दरबार व बाबा हनुमान जी के सानिध्य में गुरूदेव नरेन्द्र स्वामी जी महाराज मेरठ वालों द्वारा सुन्दर रूप से श्री बालाजी महाराज का संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। रविवार को एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन की संपन्न बैठक में मंदिर प्रांगण में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर मंथन किया गया। बैठक में मंगलवार 11 मार्च को मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरांत श्री राम दरबार व बाबा हनुमान जी के सानिध्य में गुरूदेव नरेन्द्र स्वामी जी महाराज मेरठ वालों की ओर से श्री बालाजी महाराज का संकीर्तन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। मंगलवार को सायं 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक शिव मंदिर प्रांगण में होने वाले धार्मिक आयोजन में नगर की जनता से बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। बैठक में राकेश कंसल, योगेश सिंघल, अनिल नामदेव, श्याम जसूजा, अनुराग गर्ग, विजय तागरा, अजय मदान, केवल कृष्ण अरोरा, संजीव गोयल, नरेन्द्र अरोरा, आकाश दीप, आकाश कक्कड़, केवल राम चुग्घ, पंकज गर्ग, अचिन कंसल, अरविन्द जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे।

खोया सूचना

मेरा असल बैनामा 8-3-2018 विलेख संख्या-2150 जिसकी रजिस्ट्री बही सं.1 जिल्द सं. 10457 के पृष्ठ सं. 335 से 360 तक क्रमांक-2150 पर दिनांक 8-3-2018 पर हुई है, इसका पूर्व बैनामा दिनांकित 18-10-2012 विलेख सं. 14587 जिसकी रजिस्ट्री बही सं.1 जिल्द सं. 7403 पृष्ठ सं. 105 से 122 पर क्रमांक 14587 पर दिनांक 19-10-2012 पर हुई, ये बैनामे प्लाट नम्बरी 60 स्थित तिलकनगर गांव कूकड़ा से सम्बंधित है जो वास्तव में कही खो गए हैं। गौरव गुप्ता पुत्र ईश्वर चंद गुप्ता गांव छपार तहसील सदर मुजफ्फरनगर।

शाहपुर में श्याम फाल्गुन महोत्सव पर चौथी ऐतिहासिक निशान यात्रा निकाली गई

-हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, खाटू श्याम जी के चरणों में निशान चढ़ाये

शाहपुर, 09 मार्च (बु.)। नगर में आज श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर चतुर्थ विशाल निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर नगर को भक्तिमय बना दिया। ध्वज यात्रा में नगर के साथ साथ देहात से भी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपना निशान चढ़ाया। निशान यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया। शोभायात्रा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि रात्रि में भव्य भजन संध्या में श्रद्धालु जमकर थिरके। प्रसिद्ध भजन गायिका श्याम लाडली मीनू शर्मा ने अपने भजनों से समा बांध दिया। शाहपुर कस्बे में चौथी बार श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जो सुबह श्री पिपलेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मौहल्ला महाजन, मेन बाजार मुख्य मार्ग, मंगला पुरी मंडी, शिव कॉलोनी, मालदा बाग, मौहल्ला सानियान से होती हुई श्री बालाजी धाम मंदिर पर समाप्त हुई। ध्वज यात्रा में हजारों लोग हाथों में निशान लेकर चल रहे थे। निशान यात्रा में आसपास के क्षेत्र से भी सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गानों पर जमकर झूमे। बच्चे और महिलाएं भी ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल रहे। ध्वज यात्रा में भारी भीड़ को देखते हुए शाहपुर पुलिस को व्यवस्था बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। नगर में आज श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर चौथी विशाल निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर नगर को भक्ति मय बना दिया। ध्वज यात्रा में क्षेत्र भर से श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपना निशान चढ़ाया। निशान यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया।

शोभायात्रा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जबकि रात्रि में भव्य जागरण में श्रद्धालु जमकर थिरके। श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति के द्वारा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जो सुबह श्री पिपलेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मौहल्ला महाजनान, मेन बाजार मुख्य मार्ग, मंगला पुरी मंडी, शिव कॉलोनी, मालदा बाग, मौहल्ला सानियान से होती हुई श्री बालाजी धाम मंदिर पर समाप्त हुई। ध्वज यात्रा में सैकड़ो लोग हाथों में निशान लेकर चल रहे थे। निशान यात्रा में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से भी सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गानों पर जमकर झूमे। बच्चे और महिलाएं भी ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल रहे। ध्वज यात्रा में भारी भीड़ को देखते हुए शाहपुर पुलिस को व्यवस्था बनाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शाहपुर चौकी प्रभारी राहुल कुमार पुलिस बल के साथ ध्वज यात्रा के साथ चले। ध्वज यात्रा के बालाजी धाम मंदिर पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम जी के चरणों में अपने-अपने निशान चढ़ाए। निशान यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। विशाल भंडारे का आयोजन लाल बहादुर सिंघल, बोबी सिंघल, मनीष सिंघल, अमित सिंघल आदि के द्वारा किया गया।

उधर शाहपुर थाना प्रभारी दीपक चौधरी, कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल कुमार भारी पुलिस बल के साथ ध्वज यात्रा के साथ चले। ध्वज यात्रा के बालाजी धाम मंदिर पहुंचने पर सभी श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम जी के चरणों में अपने-अपने निशान चढ़ाए। निशान यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया।

नगर में खाटूश्याम जी की ध्वजा यात्रा के कुछ मनमोहक नजारे

डीएवी कॉलेज में आरएसएस की प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी में याद की गई अहिल्याबाई होल्कर

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। डीएवी डिग्री कॉलेज के सभागार में देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जागरण श्रेणी द्वारा प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. गरिमा जैन प्राचार्य तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. संगीता चौधरी प्राचार्य वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर रही। मंच संचालन सोमपाल ने किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता वेदपाल, प्रांत सह संपर्क प्रमुख मेरठ प्रांत रहे। मां भारती व मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित तथा पुष्प अर्पित कर गोष्ठी का प्रारंभ किया गया।

प्रो. संगीता चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर नर्मदा के जल के आचमन की भांति पवित्र व गुणशाली हैं। संघर्षों के विरुद्ध उनका जीवन व शासन परमार्थ, त्याग, समाज सेवा, महिलाओं के आदर्श नेतृत्व और प्रशासनिक गुणों से परिपूर्ण रहा। पूज्य माता पिता के संस्कारों और ससुर के स्नेह, संरक्षण के कारण वैधव्य पश्चात उनका शासन एक महिला होते हुए उनकी कर्मठता, सच्चरित्रता, न्यायशीलता का आचरण अनुकरणीय था। अपने संबोधन में वेदपाल जी ने कहा कि देवी अहिल्याबाई अपनी प्रजा की मातोश्री थी। वे गौसेवक, समाज के प्रति संवेदनशील व्यक्तित्व की स्वामिनी बाल्यकाल से ही थी। आदर्श पतिव्रता स्त्री के साथ पति के व्यसन सुधारने में भी सहायक बनीं। कार्यक्रम में विभाग व जिले के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ समाज के विभिन्न वर्गों के सज्जनों ने गोष्ठी में प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ. गरिमा जैन ने अपने आपको धन्य माना कि उनके कॉलेज में लोक माता अहिल्याबाई जी को याद किया जा रहा है। किसी भी संस्था के संचालन में उनका जीवन प्रेरणीय है। कार्यक्रम में संजय लखान, डॉ. तेजवीर, योगेंद्र जी, सीताराम जी, रजनीश जी, शोभित जी, राकेश जी, राजीव जी आदि ने सहयोग किया।

अमेरिका में स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़, लिखे भारत विरोधी नारे

वॉशिंगटन, 09 मार्च (एजेंसी)। अमेरिका में एक बार फिर हिंदू मंदिर पर हमला किया गया है। इस बार दक्षिणी कैलिफोर्निया के सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक श्री स्वामीनारायण मंदिर को अपवित्र किया गया और इसकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए। पिछले कुछ महीनों में यह इस तरह की दूसरी घटना है। BAPS स्वामीनारायण मंदिर प्रबंधन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत का एक और प्रदर्शन करते हुए कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में उनके मंदिर को निशाना बनाया गया। इसने आगे कहा कि समुदाय कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देगा। BAPS ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'इस बार चिनो हिल्स कैलिफोर्निया में, एक और मंदिर के अपवित्रीकरण के सामने हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। चिनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय के साथ हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे।' इसमें आगे कहा गया कि हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और सद्भाव कायम रहे। हिंदू मंदिर पर हुए हमले को लेकर चिनो हिल्स पुलिस विभाग ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन ने घटना की निंदा करते हुए पोस्ट किया, एक और हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई।

आप सरकार में कराए गए बड़े निर्माण कार्यों की होगी जांच : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, 09 मार्च (एजेंसी)। भाजपा सरकार ने आम आदमी पार्टी (आप) के पिछले दस वर्षों के शासन के दौरान राजधानी में कराए गए 20 करोड़ से अधिक राशि वाले उन सभी निर्माण कार्यों की जांच कराने का फैसला लिया है जिनका काम देरी से पूरा हुआ और इस वजह से निर्माण की लागत बढ़ गई। इसमें देखा जाएगा कि परियोजनाओं में देरी के लिए जिम्मेदार कौन है और उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई थी या नहीं। निर्माण कार्यों में घपला करने वालों को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा। जांच के दायरे में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से कराए गए विकास कार्य सर्वाधिक होंगे। लोक निर्माण विभाग के पास राजधानी की सड़कों को बनाने से लेकर उनके रखरखाव, सरकारी इमारतों के निर्माण और उनके रखरखाव से लेकर नालों की सफाई की भी जिम्मेदारी है। राजधानी में तमाम फ्लाईओवर और एलिवेटेड कारिडोर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने बनाए हैं और कुछ का निर्माण कार्य जारी है। यह विभाग कई बार विवादों में रहा है और इसके अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे हैं। शीशमहल के पुनर्निर्माण, स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण से लेकर कई ऐसे कार्य हैं, जिनकी सीबीआई, केंद्रीय सतर्कता आयोग, दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा जांच कर रही है। इन मामलों में लोक निर्माण विभाग के कुछ अधिकारियों को निलंबित भी किया गया था, लेकिन कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के दायरे में नहीं आए थे। अब भाजपा सरकार योजनाओं में देरी और घपला करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर रही है। लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि योजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसी तरीके का भ्रष्टाचार सामने आता है या उसके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो किसी भी जिम्मेदार को बख्शा नहीं जाएगा।

यूपी में सुहागरात पर दूल्हा-दुल्हन की मौत, बेड पर पत्नी का शव, फंदे से पति का लटकता मिला शव

अयोध्या, 09 मार्च (एजेंसी)। रामनगरी में सुहागरात पर दूल्हा और दुल्हन की मौत हो गई। दोनों का शव कमरे में था। दुल्हन की लाश बेड पर पड़ी थी, दूल्हे का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मामला थाना कैंट के सआदतगंज मुरावन टोला का है। 7 मार्च को शादी दोनों की शादी हुई। 8 मार्च को दुल्हन अपनी ससुराल आई। सारी रस्में-रिवाजें हुईं। बताया जा रहा है कि 9 मार्च की सुबह जब दुल्हन देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली तो घरवाले जगाने के लिए पहुंचे। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो घरवालों ने दरवाजा तोड़ा। 9 मार्च यानी आज रिसेप्शन का कार्यक्रम था। बेटे-बहू की मौत के बाद से परिवार में मातम छाया है।

बागपत में ऑनर किलिंग : आपत्तिजनक हालत में मिला प्रेमी युगल

बागपत, 09 मार्च (एजेंसी)। बड़ौत के जोनमाना गांव में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। लड़की के परिजनों ने प्रेमी युगल को फांसी लगाकर मार डाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लड़के के परिजनों ने घर से बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। घटना रविवार सुबह करीब आठ बजे की बताई गई। बलराम (19) पुत्र राजेशवर बीए में पढ़ता था। वही 17 साल की लड़की कक्षा 12 की छात्रा थी। दोनों के घर पास-पास ही हैं। काफी समय से दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसकी गांव में काफी चर्चा थी। बलराम के परिजनों ने बताया कि लड़की के घरवालों ने उनके बेटे को अपने घर बुलाया था और गला घोंटकर मार डाला। वहीं गांव में चर्चा है कि प्रेमी युगल को लड़की के परिजनों ने आपत्तिजनक हालत में देख लिया था, इसलिए गुस्से में आकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो दोनों के शव फंदे पर लटके हुए थे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। वहीं लड़की के पिता को हिरासत में ले लिया। लड़की के बाकी घरवाले घर का जरूरी सामान समेटकर फरार हो चुके थे। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार बुलेट अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, मौके पर दरोगा की दर्दनाक मौत

वैशाली, 09 मार्च (एजेंसी)। वैशाली जिले के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर गोरौल थाना क्षेत्र के गोरौल चौक के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार में जा रही एक बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार दरोगा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के चिकसौरा योगीपुर मलवान निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। वे बेतिया के बगहा थाना में पदस्थापित थे और ड्यूटी के लिए बेतिया जा रहे थे। हादसे के दौरान टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुलेट बाइक में आग लग गई और वह धू-धू कर जलकर खाक हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और तुरंत गोरौल थाना पुलिस एवं दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। पुलिस ने घायल दरोगा को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक के परिवार को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गोरखपुर से दिल्ली जा रही बस पोल से टकराई, एक यात्री की मौत

रुदौली, 09 मार्च (एजेंसी)। गोरखपुर से दिल्ली यात्रियों को लेकर जा रही डबल डेकर बस भेलसर चौराहे पर दुर्घटना का शिकार हो गई। बस चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर फुटब्रिज पर लगे पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में गोरखपुर के रहने वाले एक यात्री ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि 32 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां पर 19 यात्रियों की हालत गंभीर होने पर तत्काल दर्शननगर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में अधिकांश यात्री नेपाल, गोरखपुर, कुशीनगर व देवरिया के रहने वाले बताए जा रहे हैं। हादसा रविवार की रात डेढ़ बजे हुआ। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी के अनुसार डबल डेकर बस नंबर बीआर 28 पी 5076 गोरखपुर से दिल्ली जा रही थी। चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे फुटब्रिज पर लगे पोल से टकराकर हाईवे पर ही पलट गई। इस हादसे में गोरखपुर जिले के शाहपुर के असुरन चौराहा निवासी 28 वर्षीय अमित शर्मा की मौत हो गई। घटना होते ही चीख पुकार मच गई। भेलसर गांव के हाइवे किनारे घरों में रहने वाले बचाव के लिए दौड़े। हादसे के बाद अयोध्या से लखनऊ जाने वाली लेन पर जाम लग गया।

नवंबर तक शुरू हो जाएगा खेल विश्वविद्यालय : योगी

मेरठ, 09 मार्च (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय अक्तूबर, नवंबर में शुरू हो जाएगा। ये युवाओं के लिए नया अवसर होगा। सूबे के मुख्यमंत्री ने रविवार को सलावा में खेल विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। सीसीएसयू में मेरठ-सहारनपुर मंडल के 1261 युवाओं को 48 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया। ओडीओपी के लाभार्थियों को टूल किट वितरण किया। सीसीएसयू में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर इकनॉमी वाला यूपी बनेगा। 2047 में विकसित भारत होगा। सुरक्षा की बेहतर स्थिति का परिणाम है, जो चारों ओर निवेश हो रहा है। 96 लाख एमएसएमई यूनिट पर काम कर रहे हैं। बेरोजगारी यूपी में कम हुई। अगली बार महाकुंभ जाएंगे तो गंगा एक्सप्रेसवे बनकर तैयार हो जाएगा। प्रयागराज 8 घंटे में पहुंच जाएंगे। गंगा एक्सप्रेस वे हरिद्वार तक लेकर जाएंगे। जो दिल्ली रह रहे थे, वो अब मेरठ में रह रहे हैं। मेरठ को एजुकेशन हब बनाने की जरूरत है। पब्लिक ट्रांसपोर्टर की सुविधाएं देंगे।

1200 राज्य कर अधिकारियों में से 1000 पर निलंबन की तलवार

लखनऊ, 09 मार्च (एजेंसी)। राज्य कर विभाग में लागू एमनेस्टी योजना करीब 1000 अधिकारियों की नौकरी के लिए खतरा बन गई है। खंड के प्रत्येक अधिकारी को रोजाना पांच व्यापारियों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। शासन ने लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश में राज्य कर में 436 खंड हैं, जिनमें लगभग 1200 अधिकारी तैनात हैं। बमुश्किल पांच से दस फीसदी अधिकारी ही रोजाना पांच व्यापारियों को इस योजना में जोड़ने में सफल हो रहे हैं। लक्ष्य पूरा न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश प्रमुख सचिव एम. देवराज ने दिए हैं। इस संबंध में जोनल एडिशनल कमिश्नरों द्वारा जारी पत्र में साफ कहा गया है कि हर हाल में रोजाना पांच केस एमनेस्टी में शामिल करने ही हैं। इसे पूरा न करने वाले अधिकारी का नाम निलंबन के लिए भेज दिया जाएगा। इसी के साथ खंडों में तैनात 1200 अधिकारियों में से लगभग 1000 पर निलंबन का खतरा मंडरा रहा है। ऐसा पहली बार होगा जब किसी सरकारी विभाग के 90 फीसदी से ज्यादा अधिकारियों पर एकसाथ कार्रवाई होगी। एमनेस्टी योजना स्वैच्छिक है। व्यापारियों को इसमें शामिल करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यही वजह है कि लगभग 1.92 लाख केसों में से अभी तक करीब 25 हजार ने ही योजना में अपील के लिए आवेदन किया है। 31 मार्च अंतिम तारीख है। सबसे ज्यादा विवादों के मामले लखनऊ जोन में हैं, जहां करीब 22 हजार केस हैं। दूसरे नंबर पर 19 हजार केस के साथ वाराणसी है। तीसरे नंबर पर 18,500 केस लेकर गाजियाबाद है। चौथे नंबर पर 14 हजार केस कानपुर में और पांचवें पर 13,500 केस मुरादाबाद में हैं। छठे स्थान पर 10 हजार मामले गोरखपुर के हैं।

होली पर्व पर 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान, चीनी रंग और गुलाल से लोगों ने बनाई दूरी

नई दिल्ली, 09 मार्च (एजेंसी)। होली आने में अभी पांच दिन का समय बाकी है, लेकिन देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों पर होली का रंग सर चढ़कर बोल रहा है। बाजार होली के रंग, पिचकारी से लेकर स्वादिष्ठ मिष्ठान्नों से भर गया है। जगह-जगह पर होली के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और लोग खूब जमकर होली के गानों पर थिरक रहे हैं। होली के इन कार्यक्रमों का असर सीधे बाजार पर दिखाई दे रहा है और बाजार में भी तेजी देखी जा रही है। इस वर्ष अकेले होली पर देश भर में 60 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है। इससे व्यापारी वर्ग उत्साह में है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा है कि इस बार भी होली की त्योहारी बिक्री में चीन के बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया है। लोग केवल भारत में ही बने हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामान खरीद रहे हैं। इससे भारतीय उत्पादकों और विक्रेताओं को जबरदस्त लाभ हो रहा है। बाजारों में रंग-गुलाल में सबसे ज्यादा मांग हर्बल रंगों की हो रही है। लोग भारतीय उत्पादकों के द्वारा बनाए गए हर्बल उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता दे रहे हैं। रंग, पिचकारी, गुलाल, अबीर, गुब्बारे, मिठाइयां और होली खेलने के लिए बने विशेष कपड़ों की बाजारों में सबसे तेजी से मांग देखी जा रही है। बाजारों में उपभोक्ताओं की यह भीड़ होली के बाद नवरात्रों तक बने रहने का अनुमान है। कैट के अनुसार, इस वर्ष होली का त्योहार 60,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। पिछले वर्ष की तुलना में यह लगभग 20% अधिक है। पिछले वर्ष दूसरे मामलों में बाजार में कमजोरी रहने के बाद भी इसी दौरान होली पर पूरे देश में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था। इस बार अकेले देश की राजधानी दिल्ली में ही लगभग 8 हजार करोड़ से अधिक के व्यापार होने की संभावना है।

रेल दुर्घटना में भंडूरा के सिपाही की मौत

सिखेड़ा, 09 मार्च (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव भंडूरा निवासी सिपाही अंकुर कुमार पुत्र राकेश की रेल दुर्घटना में मौत हो गई। अंकुर कुमार का शव जनपद बरेली क्षेत्र के मीरगंज थाना क्षेत्र में रेलवे फाटक के पास मिला। अंकुर कुमार पीएसी में सिपाही के पद पर तैनात था। उसकी मौत से स्वजन में कोहराम तथा गांव में मातम छा गया। स्वजन ने बताया कि जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव भंडूरा निवासी अंकुर कुमार पुत्र राकेश सन 2019 में 47वीं वाहिनी पीएसी में गाजियाबाद में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। अंकुर कुमार गाजियाबाद में तैनात थे। वहां से वह पीएसी कंटीजेंट बैंड बैरिक लखनऊ में रहकर मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा की ड्यूटी करने गए हुए थे। वहां से वह शनिवार को छुट्टी लेकर अपने घर लौट रहा था। स्वजन ने बताया कि उन्हे सूचना मिली की रविवार की सुबह जनपद बरेली के मीरगंज थाना क्षेत्र में सिपाही अंकुर कुमार की रेल दुर्घटना में मौत हो गई है। सूचना पाकर स्वजन में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्वजन सिपाही की मौत की सूचना पाकर मीरगंज के लिए रवाना हो गए है। स्वजन ने बताया कि अंकुर कुमार चार भाई बहन थे। उनके भाई विक्की की तीन साल पहले दुर्घटना में मौत हो गई थी। अंकुर कुमार अपने परिवार में तीसरे नंबर पर थे। उनकी अभी तक शादी नहीं हुई थी। सिपाही की मौत से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

शहर कोतवाली पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़

मुजफ्फरनगर, 9 मार्च (बु.) शनिवार की देर रात बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी। बामनहेड़ी वाले रास्ते पर दो बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए खड़े थे। पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस तुरन्त मौके पर पहुंची और बदमाशों को घेरने की कोशिश की। इस कोशिश के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गया। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि पुलिस की गोली लगने से साहिल उर्फ राहुल निवासी भसाना, थाना बुढ़ाना, वर्तमान पता जामियानगर, थाना खालापार गोली लगने से घायल हुआ है। पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान उसके साथी सलमान निवासी अजमल कॉलोनी थाना खालापार को भी गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों से पुलिस ने बुढ़ाना में चोरी किये गए दो बैटी, तमंचे व घटना में प्रयुक्त दो बाइक बरामद की हैं। पुलिस की गोली से घायल हुए बदमाश साहिल पर 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

प्लॉट पर कब्जे का विरोध किया तो पिता-पुत्र पर हमला

मुजफ्फरनगर, 9 मार्च (बु.) नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव मुस्तफाबाद निवासी रिहान ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि गांव के जमील व उसका बेटा इनाम उसके प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि उन्होंने फर्जी दस्तावेज भी तैयार किए हुए हैं। पिछले दिनों जमील व उसके बेटे ने उनके प्लॉट पर कब्जे का प्रयास किया था। विरोध करने पर आरोपियों ने पिता और उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

अब एयर टिकट बुक कराने के नाम पर 1.35 लाख हड़पे

मुजफ्फरनगर, 9 मार्च (बु.) तितावी थाना क्षेत्र के गांव दूधाधारी निवासी खुर्रम ने शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गऊशाला रोड का रहने वाला शहजाद एयर टिकट बुकिंग का काम करता है। उसके बेटे मौहम्मद तारिक राय बरेली से एयर टिकट लेने के लिए 1.35 लाख रुपये लिये थे, लेकिन तारिक को न तो एयर टिकट दिया गया और पैसा मांगने पर पैसा भी नहीं लौटाया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर मुस्तफाबाद पचैंडा निवासी एजाज अहमद ने नई मण्डी थाने में साइबर ठगों द्वारा ही धोखाधड़ी से 1.90 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

राजा भैया के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

नई दिल्ली, 09 मार्च (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता व पूर्व मंत्री और कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ उनकी पत्नी भानवी सिंह की शिकायत पर दिल्ली के सफदरजंग थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। भानवी ने अपनी पति राजा भैया व उनके परिवार पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। भानवी सिंह का अपने पति से पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था। वह पति से अलग दिल्ली के ग्रीन पार्क इलाके में रह रही थीं। मामला पहले महिला अपराध शाखा के पास था। बाद में इसे मीडिएशन के लिए भेजा गया था। बात नहीं बनी तो शुक्रवार को इस संबंध में सफदरजंग एंक्लेव थाने में मामला दर्ज किया गया। भानवी ने अपनी शिकायत में पति के खिलाफ शारीरिक और मानसिक क्रूरता के आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि शादी के बाद से ही वह परेशान थीं। परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस ने इस संबंध में फिलहाल दहेज उत्पीड़न (आईपीसी-498ए) का मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले की जांच कराने की बात कर रहे हैं।जनसत्ता पार्टी लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और भानवी सिंह की वर्ष 1995 में शादी हुई थी।

राज ठाकरे ने नहीं पिया महाकुंभ संगम से आया गंगाजल, कहा-मैं कभी इसमें डुबकी नहीं लगाऊंगा

नई दिल्ली, 09 मार्च (एजेंसी)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मैं कभी भी नदी में पवित्र डुबकी नहीं लगाऊंगा। लोगों से मेरा कहना है कि वे अंधविश्वास से बाहर आएं और दिमाग का सही इस्तेमाल करें। मनसे के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में राज ठाकरे ने कहा कि हमारी पार्टी के नेता बाला नंदगांवकर प्रयागराज में हुए महाकुंभ से पवित्र जल लेकर आए थे। लेकिन मैंने इसे पीने से इनकार कर दिया। मैंने उनसे कहा चले जाओ। मैं नहाने नहीं जा रहा हूं। वह पानी कौन पीएगा? कोविड अभी-अभी गुजरा है और लोग दो साल से चेहरे पर मास्क लगाकर घूम रहे थे। अब वे वहां जा रहे हैं और स्नान कर रहे हैं। कौन जाकर उस गंगा में पवित्र डुबकी लगाएगा? ठाकरे ने कहा कि मैंने लोगों के शरीर को रगड़ते हुए और गंगा में नहाते हुए वीडियो देखे हैं। देश की हर नदी प्रदूषित है, जबकि विदेशों में ऐसी नदियां पूरे साल साफ रहती हैं। आस्था का भी कुछ मतलब होना चाहिए। देश में एक भी नदी साफ नहीं है, लेकिन हम उसे मां कहते हैं। विदेशों में नदी को मां नहीं कहा जाता, लेकिन वह बिल्कुल साफ रहती है और हमारी सभी नदियां प्रदूषित हैं। कोई उसमें नहा रहा है, कोई कपड़े धो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय से ही सुनता आ रहा हूं कि गंगा नदी को साफ किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। लोगों को इस आस्था और अंधविश्वास से बाहर आना चाहिए और अपने दिमाग का सही इस्तेमाल करना चाहिए। हाल ही में सीपीसीबी ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में गंगा की वास्तविक स्थिति को लेकर तैयार रिपोर्ट की थी। 3 फरवरी को एनजीटी में सौंपी अपनी रिपोर्ट में सीपीसीबी ने कहा था कि संगम का पानी नहाने योग्य नहीं है। टीम ने पाया कि फीकल कोलीफोर्म 230 एमपीएन/100 मिलीग्राम के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-अनुपालन मिले।

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी-2025 से जुड़ी खबरें

रोहित-कोहली ने बनाया कीर्तिमान, आईसीसी टूर्नामेंट के सर्वाधिक फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी

दुबई, 09 मार्च (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरने के साथ ही इतिहास रच दिया है। रोहित और कोहली भारतीय टीम का अहम हिस्सा हैं और इन दोनों ही बल्लेबाजों से टीम को काफी उम्मीद हैं। भारत इस मैच में 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने के इरादे से उतरा। भारत के खिलाफ फाइनल में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कप्तान सैंटनर ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। मैट हेनरी चोटिल होने की वजह से मैच नहीं खेल सके। उनकी जगह तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को मौका दिया था। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह दुबई में पिछले कुछ दिनों से हैं और पहले और बाद में दोनों बल्लेबाजी कर चुके हैं। तो उन्हें फाइनल में बाद में बल्लेबाजी करने से उन्हें कोई नुकसान नहीं है। रोहित ने कहा कि उनकी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं है। यानी भारत चार स्पिनर्स के साथ ही उतरा है। भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 15वां टॉस गंवाया है। टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। इस दौरान भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी पांच मैचों में टॉस गंवा चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि भारत ने जब-जब आईसीसी वनडे टूर्नामेंट का खिताब जीता है, भारत ने उस मैच में टॉस गंवाया है। 1983 विश्व कप, 2011 विश्व कप, 2002 चैंपियंस ट्रॉफी और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भी भारत ने टॉस गंवाया था और टीम खिताब जीतने में सफल रही थी। रोहित और कोहली आईसीसी टूर्नामेंट का सबसे ज्यादा फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह और न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए भारतीय टीम में शामिल ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को पीछे छोड़ा। कोहली और रोहित का यह नौवां आईसीसी टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला है। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने करियर में वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के खिताबी मुकाबले खेले हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवराज और जडेजा ने अपने करियर में आठ-आठ आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेले हैं। वहीं, श्रीलंका के कुमार संगाकारा और माहेला जयवर्धने ने सात-सात बार आईसीसी के खिताबी मैच में हिस्सा लिया है। दिलचस्प बात यह है कि रोहित, कोहली और जडेजा 2013 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल का हिस्सा थे और 12 साल बाद भी यह तीनों खिताबी मैच में शामिल हैं। उस समय भारत ने इस टूर्नामेंट का खिताब जीता था।

कोहली ने हासिल की विशेष उपलब्धि, सचिन के बाद

दुबई, 09 मार्च (एजेंसी)। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच के दौरान एक विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है। कोहली लगातार तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेल रहे हैं। कोहली का यह 550वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला है और वह भारत के ऐसे दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इतने मैच खेले हैं। कोहली से ज्यादा भारत के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने खेले हैं। सचिन के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 664 मैच खेलने का रिकॉर्ड है। 2013 में संन्यास लेने वाले सचिन ने अपने करियर में 200 टेस्ट, 463 वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला है। दूसरी ओर, कोहली ने भारत के लिए 123 टेस्ट, 302 वनडे और 125 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं।

फाइनल में लगा खूबसूरती का तड़का, अनुष्का शर्मा से लेकर रितिका सजदेह तक पहुंचीं दुबई

दुबई, 09 मार्च (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला आज खेला जा रहा है। 25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। इस मैच में खूबसूरती का भी तड़का लगा है। फिल्म अभिनेत्री अनुष्का शर्मा से लेकर रितिका सजदेह तक दुबई पहुंची हैं। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा फाइनल का लुत्फ उठाने के लिए दुबई स्टेडियम पहुंची हैं। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह अपनी बेटी समायरा के साथ पहुंची हैं। बता दें कि, यह पहला मौका नहीं है जब अनुष्का और रितिका भारत के किसी मुकाबले में दिखी हैं। इससे पहले दो मार्च (रविवार) को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी दोनों दिखीं थीं। इस दौरान अनुष्का रोहित के बेटे अहान को दुलार करती नजर आई थीं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।

मुजफ्फरनगर में फिर पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ

मुजफ्फरनगर, 09 मार्च (बु.)। बुढ़ाना के दुर्गनपुर के बाद अब भोपा के अलीपुर गांव में भी तेंदुआ देखा गया। एक किसान ने पेड़ पर चढ़े तेंदुए का वीडियो भी बनाया और उसे वायरल कर दिया। मुजफ्फरनगर जिले के भोपा थाना क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। खेतों में काम कर रहे किसानों ने शनिवार सुबह तेंदुए को देखा, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। बुढ़ाना कोतवाली इलाके के दुर्गनपुर गांव के बाद अब तिस्